
# ARYA EDUCATION SOCIETY
# and
# D. A.V. SENIOR SECONDARY SCHOOL

Khandsa Road, Gurugram

School Website: davgurgaon.com
Email ID: davschoolggn@gmail.com

# ANNUAL REPORT – 2025

**Presented By: Secretary, Arya Education Society**




**अनुवाद**

**हम सृष्टिकर्ता प्रकाशमान परमात्मा का ध्यान करते हैं, परमात्मा का तेज हमारी बुद्धि को सन्मार्ग की ओर चलने के लिए प्रेरित करें।**

**प्रभु आप ही इस सृष्टि के निर्माता हो, आप ही हम सब के दुःख हरने वाले हो, हमारे प्राणों के आधार हे परम पिता परमेश्वर, सृष्टि निर्माता मैं आपका वर्ण कर रहा हूं।**

मैं, विद्यालय प्रबन्धक एवं सचिव, आर्य एजुकेशन सोसायटी, प्रधान माननीय डॉ० एस० पी० गौतम एवं यहाँ उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों का वार्षिक आम बैठक वर्ष 2025 में हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ। साथ ही मैं आर्य एजुकेशन सोसायटी के सभी सदस्यों का आभारी हूँ कि आपने मुझे सोसायटी और विद्यालय के संचालन का कार्यभार सौंपा हुआ है।

आपके दिशा निर्देशों में अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए वार्षिक रिपोर्ट 2025 के मद अनुसार आपके समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

# C.B.S.E. Teacher's Training

C.B.S.E. guideline के अनुसार प्रत्येक अध्यापक को 50 घण्टे की training एक वर्ष मे लेना अनिवार्य है। जिससे शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाया जा सके व नई एवं आधुनिक विधियों से विद्यार्थियों को शिक्षित किया जा सके जो सतत विकास मे आवश्यक है। विद्यालय के स्टाफ को विभिन्न विषयों पर आधारित training programs के लिए विभिन्न ट्रैनिंग सैंट्रो पर भेजा जा रहा है। साथ ही विद्यालय मे C.B.S.E. नियम अनुसार इनहाउस ट्रैनिंग भी करवाई जा रही है ।

**विद्यार्थी संख्या**

| संकाय | कुलविद्यार्थी | छात्र | छात्रा |
|---|---|---|---|
| वरिष्ठ माध्यमिक | 669 | 382 | 287 |
| | | 57% | 43% |
| जूनियर विंग | 759 | 362 | 397 |
| | | 48% | 52% |
| **कुल** | **1428** | **744** | **684** |

**स्टाफ संख्या**

| स्टाफ | कुल | वरिष्ठ माध्यमिक | जूनियर विंग |
|---|---|---|---|
| कुल कर्मचारी | **86** | 47 | 39 |
| टीचिंग स्टाफ | **55** | 31 | 24 |
| नॉन टीचिंग स्टाफ | **31** | 16 | 15 |

**बोर्ड परीक्षा परिणाम -2024-25**

| | **कक्षा- 12** | **कक्षा- 10** |
|---|---|---|
| **Appeared** | 247 | 164 |
| **Pass** | 160 (65%) | 135 (82%) |
| **1st Division (above 60%)** | 71 (44%) | 101 (75%) |
| **Merit (above 80%)** | **15** | **13** |

**उल्लेखनीय :**

- उल्लेखनीय है कि कक्षा 12वीं में 247 विद्यार्थी appear हुए जिनमे से 160 clear पास हुए। जिसमें 15 विद्यार्थियो की merits सहित 71 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी मे उत्तीर्ण हुए।
- कक्षा 10वीं में 164 विद्यार्थी appear हुए जिनमे से 135 clear पास हुए। जिसमें 13 विद्यार्थियो की merits सहित 101 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी मे उत्तीर्ण हुए।

**Infrastructural Developments.**

1. एक सतत कार्य योजना के अनुसार टूटे हुए व पुराने डेस्क की मरम्मत करवाई गई।
2. विद्यालय की बाहरी दीवारों, Admin office तथा Varanda की सफेदी करवाई गई।
3. Washroom मे plumbing work व बिल्डिंग इलेक्ट्रफिकैशन की मरम्मत का कार्य निरंतर चलता रहता है।
4. विद्यालय मे विद्यार्थियो के आवागमन के लिए एक नई बस खरीदी गई।
5. विद्यालय की दोनों कंप्युटर लैब मे AC लगवाए गए।
6. विद्यालय मे शैक्षणिक आयोजनों को देखते हुए नई tables और chairs खरीदी गई।

**खेल- कूद में विद्यालय**

इस वर्ष भी विद्यालय के विद्यार्थियों ने खंड स्तर, जिला स्तर व राज्यस्तर पर शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर भाग लिया और अपने विद्यालय के लिए विभिन्न पदक प्राप्त किए। जिनके परिणाम इस प्रकार हैं-

ब्लॉक एवं जिला स्तरपर जीतने के उपरांत निम्न विद्यार्थी **STATE LEVEL** की खेल प्रतियोगिता हेतु चुने गए।

## District Level

| कक्षा | विद्यार्थी का नाम | खेल | खेल में स्थान जिलास्तर |
|---|---|---|---|
| **IX-(A)** | Himanshu | Discus throw | प्रथम |
| **X-(A)** | Anjali | High Jump<br>Long Jump | द्वितीय<br>प्रथम |
| **XII-(D)** | Sonam | Hammer throw | प्रथम |
| **IX-(A)** | Mahak | 400mts Hardle | प्रथम |
| **IX-(A)** | Tapasya | 400mts Hardle | द्वितीय |
| **Jr. Wing** | Kundan | | तृतीय |
| **X -(D)** | Anamika | 1500mts | प्रथम |
| **XII-(D)** | Arti | 3000mts | द्वितीय |
| **X- (A), X -(D), X -(D), X-(C), X-(D)** | Anjali, Sakshi, Nasina, Tanya & Anamika | Cross Country 4km | प्रथम |
| **XI -(C)** | Anamika | 800mts | तृतीय |
| **XII-(F), XII-(E), XII-(A), XII-(C), XII-(F)** | Anand, Shivam, Krish, Suraj & Yash Sharma | Cross country 6km | प्रथम |

## <u>सामान्य प्रतियोगिताएँ एवं</u>
## <u>सह पाठ्यक्रम गतिविधियां</u>

1. **<u>राखी प्रतियोगिता</u>**

**"हमारी संस्कृति - हमारा परिचय"** विषय पर विद्यालय मे वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर राखी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया।

प्रतियोगिता मे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के नाम इस प्रकार है।

| | | |
|---|---|---|
| 9th-(B) | 1st | Manvi & Dishu |
| 11th-(D) | 2nd | Minakshi & Gurpreet |
| 10th-(A) | 3rd | Nandini & Simon |

2. **<u>रंगोली प्रतियोगिता :</u>**

Diwali, Janmastmi and Ram Navami के अवसर पर विद्यालय छात्राओं ने विद्यालय परिसर को रंगोली बनाकर सुसज्जित किया।

3. **<u>तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान</u>**:

स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार एवं हरियाणा शिक्षा निदेशालय के दिशा निर्देश अनुसार विद्यालय मे विद्यार्थियों ने अनेक प्रकार के पोस्टर, रंगोली, चार्ट पेपर एवं चित्रकला बनाई और विद्यालय को तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान का प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ।

4. **<u>चित्रकला और पेंटिंग प्रतियोगिता:</u>**

वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर विद्यालय मे कारगिल विजय दिवस पर drawing & painting प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमे विद्यालय के अधिकतर विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता मे बढ़ चढ़ कर भाग लिया और राष्ट्रीय भावनाओ को रंग भर कर प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता मे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के नाम इस प्रकार है।

| 1st Position | 2nd Position | 3rd Position |
|---|---|---|
| Swejal (10th-B) | Hemant (10th-A) | Shipra Srivastav (9th-A) |
| Nandini Choudhary (10th-B) | Raj (10th-B) | Bhumika Joshi (9th-A) |

5. **<u>भाषण प्रतियोगिता:</u>**

(a) विद्यालय वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर "सुभानशू शुक्ला अंतरिक्ष मे " विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमे विद्यालय के अधिकांश विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता मे बढ़ चढ़ कर भाग लिया और अपने भाषण कौशल का परिचय दिया।

प्रतियोगिता मे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के नाम इस प्रकार है।

| 1st Position | 2nd Position | 3rd Position |
|---|---|---|
| Aditi (XI-C) | Shrishti (XI-C) | Ananya (XI-B) |

(b) बाल महोत्सव गुरुग्राम - जिला स्तर पर हुए बाल महोत्सव गुरुग्राम में कक्षा 11वी की छात्रा अदिति सिंह ने भाषण प्रतियोगिता मे तीसरा स्थान प्राप्त किया।

6. **शैक्षणिक भ्रमण-** विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण के लिए Mozoland, Sonipat एवं Wild Wadi, Gurugram गए।

7. **साइबर क्राइम जागरूकता सेमिनार-** विद्यालय मे हरियाणा पुलिस द्वारा साइबर क्राइम जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया तथा इस विषय पर विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन किया |

8. **हिन्दी दिवस, स्वतंत्रता दिवस एवं रामनवमी-** के अवसर पर विद्यार्थियों ने लघुनाटक एवं नृत्य प्रस्तुत किए।

9 . **Earth Day Celebration:**

विद्यालय मे पृथ्वी दिवस पर विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के द्वारा पौधा रोपण किए गए।

10. **जन्माष्टमी उत्सव**

इस उत्सव में छात्रों ने राधा और कृष्ण का रूप धारण करके नृत्य प्रस्तुत किया। जूनियर wing में कला और शिल्प के तहत बांसुरी, पेंटिंग, झूला, मटकी बना कर इस गतिविधि में हिस्सा लिया।

11. **अध्यापक दिवस गतिविधि:**

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से दोनों wings के सभी स्टाफ़ मेम्बर्स को PVR में Movie दिखाई गई और प्रीतिभोज का भी आयोजन किया गया।

जूनियर wing में इस दिवस पर छात्रों ने अपने अध्यापकों के लिए हाथ से सुन्दर कार्ड बनाये और अध्यापकों जैसा रूप धारण करके नाटक प्रस्तुत किया।

12. **दिवाली उत्सव**

दिवाली एवं दशहरा उत्सव पर senior wing के छात्रों ने विद्यालय प्रांगण को रंगोली बनाकर व दीप जलाकर सुसज्जित किया ।

इस अवसर पर junior wing के छात्रों ने भी chandles सजाकर, Floating दिये जलाकर व कागज के तोरण बनाकर विद्यालय प्रांगण को सुसज्जित किया ।

## Junior Wing Activities

1. **राष्ट्रीय विज्ञान दिवस:** इस गतिविधि में छात्रों से Waste materials से Model बनवाए गए।
2. **पृथ्वी दिवस:**इस गतिविधि में बच्चों द्वारा मनमोहक नाटक के द्वारा पृथ्वी को प्रदूषण से बचाने की जरूरत बताई गई तथा बच्चों द्वारा लाए गए पौधों का विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया।
3. **Mother's Day**: इस गतिविधि में कक्षा 1-2 के छात्रों द्वारा सुंदर कार्ड, कक्षा 3-4 के छात्रों ने सुंदर-सुंदर फूल बनाकर बुके बनाए, कक्षा 5-6 के छात्रों ने न्यूज़ पेपर और क्राफ्ट पेपर से सुंदर बैग बनाएं तथा कक्षा 7-8 के छात्रों ने सुंदर Bangles बनाई।
4. **Fun Day Activity:** एक्टिविटी बच्चों को प्रेरणादायक फिल्में दिखाई गई।
5. **पर्यावरण दिवस**: बच्चों ने विभिन्न चीजों से अर्थ और एनवायरमेंट को स्वच्छ रखने की एक्टिविटी की।
6. **राखी निर्माण प्रतियोगिता**: बच्चों ने Waste Materials से राखी बनाई।
7. **परशुराम जयंती:** बच्चों को नाटक के द्वारा परशुराम के जीवन चरित्र से अवगत करवाया गया।
8. **अंतरराष्ट्रीय योग दिवस:** विद्यालय परिसर में छात्रों को विभिन्न योग की मुद्राओं से अवगत कराया गया।

9. **<u>महर्षि वाल्मिकी जयंती</u>:** आदिकवि महर्षि वाल्मीकि के जीवन की झलकियों द्वारा रामायण में उनका क्या महत्व है बताया गया।
10. **<u>Birthday Celebration activity</u>:** इस दिवस पर हर महीने में आने वाले छात्रों का जन्मदिन महीने की आखिरी तारीख को बड़ी धूमधाम से बच्चों का केक कटवाकर चॉकलेट डिस्ट्रीब्यूशन करवाकर मनाते हैं।
11. **<u>कारगिल विजय दिवस</u>**: बच्चों द्वारा सोल्जर की विभिन्न ड्रेस के साथ Stage performance प्रस्तुति की गई।
12. **<u>स्वतंत्रता दिवस</u>:** विद्यालय परिसर में स्वतंत्रता दिवस थीम ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।
13. **<u>जन्माष्टमी उत्सव</u>:** इस उत्सव में छात्रों ने एक्टिविटी फाइल में सुंदर-सुंदर मटकी बनाई तथा चम्मच से Wall hanging बनाई।
14. **<u>लेखन प्रतियोगिता</u>**: बच्चों को सुंदर लेखन के प्रति उत्साहित करने के लिए लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
15. **<u>शिक्षक दिवस</u>:** छात्रों ने शिक्षकों को विशेष सम्मान देने के लिए स्टेज परफॉर्मेंस दिया तथा शिक्षकों का सम्मान किया।
16. **<u>खेल दिवस</u>**: इस गतिविधि में बच्चों को खेलों के प्रति उत्साह बढ़ाने के लिए खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसका विषय था "Retro to Metro"।
17. **<u>Cutting and Pasting Activity</u>**: छात्रों द्वारा पेपर कटिंग द्वारा विभिन्न आकृतियों बनाना सिखाया गया।
18. **<u>रंगोली प्रतियोगिता :</u>** दिवाली के उत्सव पर विद्यालय प्रांगण में छात्रों ने रंगोली बनाई।
19. **<u>Cook without Fire</u>**: बच्चों को Cook without fire से विभिन्न व्यंजन तैयार करना सिखाया गया।
20. **<u>दशहरा और दीवाली गतिविधि</u>**: दशहरा एवं दिवाली गतिविधि में बच्चों को रावण और गणेश पेपर द्वारा बनाना सिखाया गया।
21. **<u>शैक्षणिक भ्रमण</u>** : विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए ठाकरान की ढाणी ले जाया गया ।

## <u>वार्षिक आय व्यय ब्यौरा :-</u>

समिति ने वर्ष 2024 - 25 के लेखों का ऑडिट BSRT & Co. Chartered Accountants Janakpuri, Delhi द्वारा करवाया गया है। इस आधार पर तैयार किया गया 01-04-2024 से 31-03-2025, तक का आय व्यय का विवरण इस रिपोर्ट के साथ संलग्न आपकी सेवा मे प्रस्तुत है। आयकर विभाग के नियम 12-A के तहत वर्ष 2018-19 से सोसाइटी को इनकम टैक्स की छूट प्राप्त हुई है।

**<u>बजट :-</u>**

वर्ष 2025 - 26 का वार्षिक अनुमानित बजट आपके समक्ष प्रस्तुत किया गया है। इस बजट में विद्यालय की दोनों wings की मांग को पूरा करने के लिए 18,83,000/- रूपये की आवश्यकता है। आशा और विश्वास करता हूँ कि इसे पूरा करने में आप सभी सदस्य सहयोग देने की कृपा करेंगें। समिति के प्रधान श्री एस.पी.गौतम, उपप्रधान श्री संजय कुमार, कोषाध्यक्ष श्री नरेंद्र गेरा, समिति के सदस्य श्री सतबीर सिंह, श्री सतीश शर्मा, श्री अमित कुमार सतीजा,श्री भारत सतीजा, श्री सुरेन्द्र कुमार तथा श्री पंकज जैन ने विद्यालय संबंधित सभी कार्यों में रुचि लेते हुए अपना अमूल्य समय देकर पूरा सहयोग दिया। इसके लिए मै सभी का विशेष रूप से धन्यवाद करता हूँ।

मैं विद्यालय के प्रधानाचार्य, Learned Teaching Staff, Non-Teaching Staff और विशेष रूप से सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का उनके सहयोग के लिये हृदय से आभारी हूँ।

अंत में मैं समिति के सदस्यों द्वारा दिए गए सहयोग के लिये हार्दिक धन्यवाद देता हूँ।

(दलबीर सिंह)
मंत्री
आर्य एजुकेशन सोसाइटी, गुरुग्राम

॥ **मंत्र: शान्ति पाठ** ॥

ॐ द्यौ: शान्तिरन्तरिक्षँ शान्ति:,
पृथ्वी शान्तिराप: शान्तिरोषधय: शान्ति:।
वनस्पतय: शान्तिर्विश्वे देवा: शान्तिर्ब्रह्म शान्ति:,
सर्वँ शान्ति:, शान्तिरेव शान्ति:, सा मा शान्तिरेधि॥
ॐ शान्ति: शान्ति: शान्ति:॥